रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13042026-271759
CG-DL-E-13042026-271759

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 1784] | नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 10, 2026/चैत्र 20, 1948 |
| No. 1784] | NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 10, 2026/CHAITRA 20, 1948 |


## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

## (वाणिज्य विभाग)

(एसईजेड अनुभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 अप्रैल, 2026

**का.आ. 1853(अ).—**यतः, मै. टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड, ने गुजरात राज्य में प्लॉट नंबर 255 और 238 (भाग II) [जो सर्वे नंबर 151, धोलेरा गांव का हिस्सा है], टाउन प्लानिंग स्कीम 2ए, धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सहित सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं के लिए विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) की स्थापना हेतु विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 (2005 का 28), (जिसे एतद्पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 के अंतर्गत प्रस्ताव किया है;

और यतः, केन्द्र सरकार इस बात से संतुष्ट है कि उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (8) के अतंर्गत अपेक्षाओं तथा अन्य सबंधित अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है और उनको उपर्युक्त विशेष आर्थिक जोन के विकास, प्रचालन एवं रखरखाव हेतू उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (10) के अतंर्गत दिनांक 17 मार्च, 2026 को अनुमोदन पत्र प्रदान कर दिया है;

अतः अब, विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 की धारा 4 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2006 के नियम 8 अनुसरण में केन्द्र सरकार, एतद्द्वारा उक्त स्थान के 66.166 हेक्टेयर के नीचे दी गई तालिका में दिए गए सर्वेक्षण संख्याओं के क्षेत्रों को अधिसूचित करती है, अर्थात्:-

**तालिका**

| क्र. सं. | गाँव का नाम | सर्वे नंबर | प्लॉट नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धोलेरा | 151 भाग | 255 और 238 (भाग-2), टाउन प्लानिंग स्कीम 2ए में औद्योगिक क्षेत्र, धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र | 66.166 |
| **कुल** | | | | **66.166** |

और अतः, विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 (2005 का 28) की धारा 13 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 14 के प्रयोजनार्थ उपर्युक्त विशेष आर्थिक जोन के लिए एक समिति, जिसे अनुमोदन समिति कहा जाएगा, गठित करती है, जिसके अध्यक्ष और सदस्य निम्नानुसार है, अर्थात्-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विशेष आर्थिक जोन का विकास आयुक्त | अध्यक्ष,पदेन |
| 2. | निदेशक अथवा उप-सचिव,भारत सरकार,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग या उसका नामिती जिसका स्तर अवर सचिव,भारत सरकार से कम नहीं होगा | सदस्य,पदेन |
| 3. | विशेष आर्थिक जोन पर भू-भागीय क्षेत्राधिकार रखने वाले क्षेत्रीय संयुक्त विदेश व्यापार महानिदेशक | सदस्य,पदेन |
| 4. | विशेष आर्थिक जोन पर भू-भागीय क्षेत्राधिकार रखने वाले सीमा-शुल्क आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त अथवा उनका नामिती जिसका स्तर संयुक्त आयुक्त से कम नहीं होगा | सदस्य,पदेन |
| 5. | विशेष आर्थिक जोन पर भू-भागीय क्षेत्राधिकार रखने वाले आयकर आयुक्त अथवा उसका नामिती जिसका स्तर संयुक्त आयुक्त से कम नहीं होगा | सदस्य,पदेन |
| 6. | निदेशक (बैंकिंग),वित मंत्रालय,बैंकिंग प्रभाग,भारत सरकार | सदस्य,पदेन |
| 7. | राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले दो अधिकारी जिनका स्तर संयुक्त सचिव से कम नहीं होगा | सदस्य,पदेन |
| 8. | जोन के विकासकर्ता का प्रतिनिधि | विशेष, आंमत्रिती |

और यतः, विशेष आर्थिक जोन अधिनियम 2005 (2005 का 28) की धारा 53 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा दिनांक 9 अप्रैल, 2026 को उस तारीख के रूप में निर्धारित करती है जिस तारीख से उपर्युक्त विशेष आर्थिक जोन को सीमा-शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) की धारा 7 के अंतर्गत अंतर्देशीय कंटेनर डिपो माना जाएगा।

[फा. सं .के-43016/6/2026-एसईजेड]

विमल आनंद, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY**

**(Department of Commerce)**

(SEZ DIVISION)

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 9th April, 2026

**S.O. 1853(E).—**Whereas, M/s. Tata Semiconductor Manufacturing Private Limited, has proposed under section 3 of the Special Economic Zones Act, 2005 (28 of 2005), (hereinafter referred to as the said Act) to set up a Special Economic Zone (SEZ) exclusively for Electronic Hardware and Software including IT/ITES at Plot No. 255 and 238 (part-2) [part of Survey No. 151, Dholera Village], Industrial Zone in town Planning Scheme 2A, Dholera Special Investment Region, Gujarat;

AND, WHEREAS, the Central Government is satisfied that requirements under sub-section (8) of section 3 of the said Act, and other related requirements are fulfilled and it has granted letter of approval under sub-section (10) of section 3 of the said Act for development, operation and maintenance of the above Special Economic Zone on 17th March, 2026;

NOW, THEREFORE, the Central Government, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the Special Economic Zones Act, 2005 and in pursuance of rule 8 of the Special Economic Zones Rules, 2006, hereby notifies the 66.166 hectares area comprising the Survey numbers and the area given below in the table, namely: -

**TABLE**

| **Sl. No.** | **Name of Village** | **Survey No.** | **Plot No.** | **Area (in Hectares)** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | Dholera | 151 part | 255 and 238 (part-2), Industrial Zone in town Planning Scheme 2A, Dholera Special Investment Region | 66.166 |
| **Total** | | | | **66.166** |

AND, THEREFORE, the Central Government, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 13 of the Special Economic Zones Act, 2005 (28 of 2005), hereby constitutes a Committee to be called the Approval Committee for the above Special Economic Zone for the purposes of section 14 of the said Act consisting of the following Chairperson and Members, namely:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Development Commissioner of the Special Economic Zone | Chairperson ex officio; |
| 2. | Director or Deputy Secretary to the Government of India, Ministry of Commerce and Industry, Department of Commerce or his nominee not below the rank of Under Secretary to the Government of India | Member *ex officio;* |
| 3. | Zonal Joint Director General of Foreign Trade having territorial jurisdiction over the Special Economic Zone | Member *ex officio;* |
| 4. | Commissioner of Customs or Central Excise having territorial jurisdiction over the Special Economic Zone or his nominee not below the rank of Joint Commissioner | Member *ex officio;* |
| 5. | Commissioner of Income Tax having territorial jurisdiction over the Special Economic Zone or his nominee not below the rank of Joint Commissioner | Member *ex officio;* |
| 6. | Director (Banking) in the Ministry of Finance, Banking Division, Government of India | Member *ex officio;* |
| 7. | Two officers, not below the rank of Joint Secretary, to be nominated by the State Government | Member *ex officio;* |
| 8. | Representative of the Developer of the zone | Special invitee |

AND, THEREFORE, the Central Government, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 53 of the Special Economic Zones Act, 2005 (28 of 2005), hereby appoints the 9th April, 2026 as the date from which the above Special Economic Zone shall be deemed to be Inland Container Depot under section 7 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962).

[F. No. K-43016/6/2026-SEZ]

VIMAL ANAND, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

KUMER CHAND MEENA